SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
NOTES-1(TERM-1)

Grade - 3

Subject: हिंदी

Prepared by: Renu Sharma

LESSON-2 मोर और कौआ , व्याकरण –वर्ण

प्रश्न -१) शब्दार्थ मधुश्री पाठ्यपुस्तक से देखकर नोटबुक में लिखिए |

प्रश्न -२) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों में में प्रयोग कीजिए –

क) सुंदर - खूबसूरत

वाक्य –मोर बहुत सुंदर होता है |

ख) खुश – प्रसन्न

वाक्य – तोता बहुत खुश था |

ग)कैद – बंधन

वाक्य –पक्षियों को कैद करके नहीं रखना चाहिए |

प्रश्न -३) खाली स्थान भरिए –

क) कौए ने जंगले में हंस को देखा |

ख) कौए ने दो-दो रंग वाले तोते को देखा |

ग)मोर को ढूँढते - ढूँढते कौआ चिड़ियाघर में पहुच गया |

प्रश्न -४) दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

क) कौआ कहाँ रहता था ?

उत्तर- कौआ जंगल में रहता था |

ख) तोते ने किसके शरीर पर कई रंग देखे ?

उत्तर - तोते ने मोर के शरीर पर कई रंग देखे |

ग) तोते के शरीर पर कितने रंग थे ?

उत्तर- तोते के शरीर पर दो रंग थे |

प्रश्न -५) दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो – तीन वाक्यों में लिखिए –

क) हंस ने तोते की सुंदरता के बारे में क्या बताया ?

उत्तर- हंस के अनुसार तोते के पास दो- दो रंग हैं जो उसे हंस से भी अधिक सुंदर बनाते हैं |

ख) मोर ने अपने बारे में कौए को क्या बताया ?

उत्तर- मोर ने कौए को बताया कि वह सुंदर होने बावजूद भी खुश नहीं है क्योंकि उसे पिंजरे में बंद करके रखा जाता है | वह बाकी जीवों की तरह स्वतंत्र नही घूम सकता |

व्याकरण पाठ २- वर्ण

परिभाषा – सबसे छोटी ध्वनि जिसके टुकड़े नहीं हो सकते , वह वर्ण कहलाती है |

वर्ण के दो प्रकार होते हैं – १) स्वर २) व्यंजन

१) स्वर – जिन वर्णों का उच्चारण बिना किसी वर्ण की सहायता से किया जाता है , उन्हें स्वर कहते हैं |

स्वर ग्यारह (११) होते हैं |

२)व्यंजन - जिन वर्णों के उच्चारण के लिए स्वरों की सहायता पड़ती है , उन्हें व्यजंन कहते हैं ;

जैसे - क् + अ = क , च् +अ =च |

व्यंजन तैंतीस (३३) होते हैं |

वर्णों के क्रमबद्ध समूह को वर्णमाला कहते हैं |

संयुक्त व्यंजन – क्ष , त्र , ज्ञ , श्र ये दो व्यंजनों के मेल से बनते हैं , इसलिए इन्हें संयुक्त व्यंजन कहते हैं ; जैसे - क्ष = क् + ष , त्र =त्+र , ज्ञ = ज् +ञ , श्र = श् +र